HINDI / HINDI

करोनवायरस रोग (कोविड-19)

कैनेडा में भूमि, हवाई या जल मार्गों से आने वाले पूरी तरह से वैक्सिनेटड और बिना लक्षणों वाले यात्रियों के लिए अनिवार्य आवश्यकताएं

कैनेडा सरकार के सीमा उपाय
कैनेडा में कोविड-19 वायरस के प्रवेश और प्रसार को रोकने के लिए कैनेडा सरकार ने *कोरंटीन अधिनियम* के तहत आपातकालीन उपाय किए हैं। यदि आप पूरी तरह से वैक्सिनेटड हैं, फिर भी यह जोखिम हो सकता है कि आप कोविड-19 से संक्रमित हो सकते हैं और वायरस दूसरों को संचारित कर सकते हैं। दूसरों को सुरक्षित रखने में मदद करने के लिए यह जरुरी है कि आप *कैनेडा में कोविड-10 फैलने के खतरे को कम करने के लिए आदेश (कोरंटीन, अलगाव और अन्य दायत्व)* की आवश्यकताओं को पूरा करें। पूरी तरह से वैक्सिनेटड ऐसे यात्री जिनमें कोई लक्षण नहीं, यदि वे नीचे दिये गए उपायों का अनुपालन करते हैं, तो उन्हें कैनेडा में प्रवेश के बाद कोरंटीन करने की जरुरत नहीं। पूरी तरह से वैक्सिनेटड का मतलब है कि उन्होने ने कैनेडा सरकार द्वारा स्वीकार की गई वैक्सीनों की श्रृंखला या संयोजन कैनेडा में प्रवेश से 14 दिन पहले पूरा किया हो। हर बार जब आप केनेडा में प्रवेश करते हैं, आपकी वैक्सिनेशन की स्थिति को चैक किया जाएगा। यदि आपको अनिवार्य रेन्डमाइज्ड परीक्षण कार्यक्रम (MANDATORY RANDOMIZED TESTING PROGRAM) के माध्यम से टैस्टिंग के लिए चुना जाता है, तो आपको कैनेडा में प्रवेश(भूमि या हवाई मार्ग से) के दिन कोविड-19 आणविक परीक्षण को पूरा करने की आवश्यकता होती है।

यदि आपको अनिवार्य रेन्डमाइज्ड परीक्षण कार्यक्रम के लिए परीक्षण के लिए चुना जाता है तो आपको आवश्य निम्नलिखित करना होगाः
• जिस दिन आप कैनेडा पहुंचते हैं, उस दिन **निर्देश के अनुसार कोविड-19 आणविक परीक्षण करवाएं**।   ○ आपको साइट पर ही टैस्ट किया जा सकता है या आप सेल्फ स्वाब किट ले सकते हैं। यदि आप सेल्फ स्वाब किट लेते हैं, आपको कैनेडा में प्रवेश के 24 घंटे के भीतर अपना नमूना संग्रह पूरा करना होगा और प्रासेसिंग के लिए सबमिट करना होगा। • **यदि आपका परीक्षण पॉज़िटिव आता है या आप कोविड-19 के लक्षण अनुभव करना शुरु कर देते हैं, तो आप आवश्य तुरंत इस पर्चे के पीछे दी गए उपयुक्त सार्वजनिक स्वास्थय प्राधिकरण से संपर्क करें, और उनके निर्देशों का पालन करें, जिसमें अलगाव भी शामिल हो सकता है**। आप तुरंत अपना पॉज़िटिव परीक्षण परिणाम **या लक्षण** 1-833-641-0343 पर फोन करके पब्लिक हेल्थ ऐजंसी ऑफ कैनेडा को रिपोर्ट करें। • **यदि आपका टेस्ट परिणाम अनिश्चित या अमान्य है**, तो आपको एक और टेस्ट करना होगा। कृपया आपका टेस्ट परिणाम आने के 24 घंटे के भीतर सेल्फ-स्वाब किट पूरा करने के लिए अपने परीक्षण प्रदाता से संपर्क करें और • **यदि आपका टैस्ट परिणाम नैगेटिव आता** है, इसका मतलब यही होता है कि आपको कोविड-19 नहीं है, लेकिन यह संभव है कि आप कोविड-19 से संक्रमित हो चुके हैं, उदाहरण के तौर पर लक्षणों के विकसित होने से पहले, और टैस्ट परिणाम नैगेटिव आ गया है। • यदि 4 दिन के बाद भी आपको टैस्ट परिणाम प्राप्त नहीं होता तो अपने टैस्ट प्रदाता से संपर्क करें।

अपने आगमन के बाद 14 दिन के लिए

• आप जिन लोगों के निकट संपर्क में आए, और इस अवधि के दौरान जिन स्थानों का दौरा किया, उस प्रत्येक व्यकति का **नाम और संपर्क जानकारी की सूची बनाएं**।
• **यदि आप किसी सार्वजनिक स्थान पर हैं**, और कोविड-19 को फैलाने के जोखिम को कम करना चाहते हैं, तो **अच्छी तरह से निर्मित, और अच्छी फिटिंग वाला मासक** पहनें।
• **अपने पूर्व-आगमन और आगमन पर लिए कोविड-19 टैस्ट परिणामों की प्रति और वैक्सीन का सबूत संभाल कर रखें।**
• आपको अराईवकैन ऐप से सूचनाएं आ सकती हैं, लेकिन आपको रिपोर्ट भेजने की आवश्यकता नहीं है।
• **कैनेडा में प्रवेश के बाद अगले 14 दिनों के दौरान आपका कोविड-19 टेस्ट पॉज़िटिव आता है, या कोविड-19 के लक्षण अनुभव होते हैं, आपको तुरंत निम्नलिखित करना चाहिए:**
    ○ **उपयूक्त सार्वजनिक स्वास्थय प्राधिकरण से संपर्क करें, जैसा कि इस पर्चे के पीछे बताया गया है, और उनके निर्देशों का पालन करें, जिस में अलगाव भी शामिल है, और**
    ○ **पीएचएसी को 1-833-641-0343 पर कॉल करके रिपोर्ट करें।**

	चेतावनीः आप द्वारा इस आदेश का अनुपालन निगरानी, वैरिफिकेशन और इन्फोर्समैंट के अधीन है। य़दि आप अनुपालन नहीं करते तो हो सकता है कि आपको कोरंटीन से छूट न मिले। आपको कोरंटीन सुविधा में भेजा जा सकता है, जुर्माना हो सकता , और/या जेल भेजा जा सकता है।

लक्षणों की निगरानी करें
अपने आने के बाद कम से कम 14 दिनों तक लक्षणों पर नजर रखें। यदि आपको कोविड-19 के लक्षण नजर आते हैं तो तुरंत: • नीचे दिए गए के अनुसार उपयुक्त सार्वजनिक स्वास्थय प्राधिकरण से संपर्क करें, और उनके निर्देशों का पालन करें, जिस में अलगाव भी शामिल है, और • पीएचएसी को 1-833-641-0343 पर कॉल करके रिपोर्ट करें। कोविड-19 के सामान्य संकेतों और लक्षणों में ये शामिल हैं: • नई या बिगड़ती खांसी • सांस लेने में तकलीफ • शरीर की मांसपेशियों में दर्द, थकान, कमजोरी • बहुत अस्वस्थ महसूस करना • गंध या स्वाद का नुकसान • बुखार महसूस करना, ठंड लगना, या तापमान 38 डिग्री सेल्सियस के बराबर या उससे अधिक • त्वचा में परिवर्तन या चकत्ते (बच्चों में) • पेट दर्द, दस्त या उल्टी • सिर दर्द

सार्वजनिक स्वास्थ्य प्राधिकरण		
प्रांत और टैरट्रीज़	फोन नंबर	वैबसाइट
ब्रिटिश कोलंबिया	811	www.bccdc.ca/covid19
अलबर्टा	811	www.myhealth.alberta.ca
सस्कैच्वन	811	www.saskhealthauthority.ca
मैनिटोबा	1-866-626-4862	https://manitoba.ca/covid19/restartmb/prs/orders/index.html#current https://www.youtube.com/user/ManitobaGovernment
ओन्टेरियो	1-866-797-0000	www.ontario.ca/coronavirus
क्यूबैक	1-877-644-4545	www.quebec.ca/en/coronavirus
न्यू ब्रंज़विक	811	www.gnb.ca/publichealth
नोवा स्कोशिया	811	www.novascotia.ca/coronavirus
प्रिंस ऐडवर्ड आईलैंड	811	www.princeedwardisland.ca/covid19
न्यूफंडलैंड ऐंड लैबराडौर	811 या 1-888-709-2929	www.gov.nl.ca/covid-19
नूनावुत	1-867-975-5772	www.gov.nu.ca/health
नोर्थवैस्ट टैरट्रीज़	811	www.gov.nt.ca/covid-19
यूकौन	811	www.yukon.ca/covid-19

अधिक जानकारी के लिए:

1-833-784-4397 Canada.ca/coronavirus

ID 04-38-H-1 / DATE 2021.08.09